आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार

देहरादून (उत्तराखण्ड)

शुक्रवार 10.10.2025

समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात कर उत्तराखंड के लिये विभिन्न योजनाओं की स्वीकृति का आग्रह किया।
- उत्तराखंड सरकार सभी सरकारी और निजी अस्पतालों में सुरक्षा और फायर सेफ्टी को लेकर राज्यव्यापी अभियान शुरू करेगी।
- देहरादून में उच्च शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित दो दिवसीय "चिंतन शिविर" संपन्न। राज्यपाल ने कहा – उच्च शिक्षा में गुणवत्ता, नवाचार और भारतीयता का समावेश वर्तमान समय की आवश्यकता।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने औद्योगिक विकास और निवेश के क्षेत्र में उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।
- और... सिखों के पवित्र तीर्थस्थल हेमकुंड साहिब के कपाट आज दोपहर दो बजे शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे।

मुलाकात/आग्रह

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कल नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात कर उत्तराखंड से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों और परियोजनाओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने जीएसटी सुधारों के सफल क्रियान्वयन के लिए वित्त मंत्री को शुभकामनाएं दीं और राज्य को मिले सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तराखंड के शहरी क्षेत्रों में जनसंख्या के बढ़ते दबाव और अधिक वर्षा वाले क्षेत्रों में नगरीय जल निकासी प्रणाली को सुधारने की आवश्यकता है। इसके लिए 10 जिलों में स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम के उन्नयन के लिये आठ हजार पांच सौ करोड़ रुपए से अधिक की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट–डीपीआर तैयार की गई हैं। उन्होंने इन परियोजनाओं को पूंजीगत निवेश की विशेष सहायता योजना के तहत स्वीकृत करने का अनुरोध किया।

श्री धामी ने राज्य की बाह्य सहायतित परियोजनाओं की शीघ्र स्वीकृति का भी आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तराखंड क्लाइमेट रेज़ीलिएन्स डेवलपमेंट प्रोजेक्ट को स्वीकृति मिल चुकी है, जबकि सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन सुदृढ़ीकरण परियोजना और जलापूर्ति व्यवस्था सुधार परियोजना के प्रस्ताव केंद्र

को भेजे गए हैं। मुख्यमंत्री ने चार और प्रमुख परियोजनाओं की स्वीकृति का आग्रह किया, जिनमें जल, स्वच्छता, ऊर्जा और सार्वजनिक सेवा से जुड़ी योजनाएं शामिल हैं।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मुख्यमंत्री को सभी प्रस्तावों पर हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

फायर सेफ्टी राज्यव्यापी अभियान

उत्तराखंड सरकार ने सभी सरकारी और निजी अस्पतालों में सुरक्षा और फायर सेफ्टी को लेकर राज्यव्यापी अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा डॉ. आर. राजेश कुमार की अध्यक्षता में सचिवालय में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया।

स्वास्थ्य सचिव ने निर्देश दिए कि सभी मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में फायर सुरक्षा प्रणाली को मजबूत किया जाए तथा हर महीने ड्रिल प्रैक्टिस कराई जाए और नियमित सुरक्षा ऑडिट किया जाए। डॉ. कुमार ने स्पष्ट किया कि अस्पतालों में किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।
डॉक्टर कुमार ने सभी मेडिकल कॉलेजों में प्रतिमाह फायर मॉक ड्रिल कराने और उपकरणों की नियमित जांच के आदेश दिए।

अग्नि सुरक्षा के मानकों और सुरक्षा के लिये मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य के सभी अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मरीजों और स्टाफ की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

चिंतन शिविर समापन–राज्यपाल संबोधन
राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने कहा है कि उच्च शिक्षा में गुणवत्ता, नवाचार और भारतीयता का समावेश वर्तमान समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान का प्रसार नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम है।

राज्यपाल, देहरादून में आयोजित उच्च शिक्षा विभाग के दो दिवसीय "चिंतन शिविर" के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस शिविर में विभिन्न राज्यों के उच्च शिक्षा विभागों के अधिकारी, विश्वविद्यालयों के कुलपति और शिक्षाविद शामिल हुए।
राज्यपाल ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसका युवा वर्ग है, जिसे सही दिशा देना विश्वविद्यालयों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा संस्थान, छात्रों को केवल ज्ञान ही नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों, दृष्टिकोण और उत्तरदायित्व की भावना से भी समृद्ध करें।

राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालयों को गुणवत्तापरक शिक्षा, नवाचार और शोध पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने उच्च शिक्षा में भारतीय संस्कृति और नैतिक मूल्यों के समावेश की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि शिक्षा केवल रोजगार का साधन न रहकर जीवन मूल्यों का संवाहक बने।

राज्यपाल ने विश्वास व्यक्त किया कि यह चिंतन शिविर उच्च शिक्षा में नई सोच और नई ऊर्जा का संचार करेगा।

डेंगू बुखार/निरीक्षण

हरिद्वार जिले के नारसन ब्लॉक के मुंडलाना गांव में डेंगू बुखार फैलने और संभावित बुखार से दो लोगों की मौत की सूचना पर राष्ट्रीय वैक्टर जनित रोग नियंत्रण टीम ने गांव का निरीक्षण किया।

जिला मलेरिया अधिकारी सी.एम. अथवाल ने बताया कि टीम ने मृतकों के घर जाकर उनके परिजनों से बातचीत परिजनों के अनुसार, उनके पास किसी भी चिकित्सीय जांच रिपोर्ट या अस्पताल से संबंधित दस्तावेज नहीं मिले।

डेंगू वालंटियर टीम ने गांव के 60 घरों का निरीक्षण किया, जिनमें 112 स्थानों की जांच की गई। इनमें छह जगह लार्वा पाए गए और छह लोगों में बुखार के लक्षण मिले। गांव में लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में 106 लोगों की जांच की गई और 58 संभावित मरीजों के सैंपल लिए गए। सभी को प्राथमिक उपचार प्रदान किया गया।

टीम ने गांव में थर्मल फॉगिंग कराई और ग्राम प्रधान से मिलकर स्थिति की समीक्षा की। बताया गया कि पिछले कुछ दिनों से कई ग्रामीण अज्ञात बुखार से पीड़ित हैं। टीम ने गांव में डेंगू जागरूकता अभियान के तहत पंपलेट वितरित किए और पोस्टर लगाकर लोगों को सतर्क रहने की अपील की।

वार्षिक सम्मेलन संबोधन–मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि औद्योगिक विकास और निवेश के क्षेत्र में उत्तराखंड देश का अग्रणी राज्य बनेगा। मुख्यमंत्री नई दिल्ली में आयोजित पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के 120वें वार्षिक सत्र में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से आत्मनिर्भर भारत की दिशा में आगे बढ़ रहा है। निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए उत्तराखंड में सिंगल विंडो सिस्टम और 30 से अधिक नीतियां लागू की गई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि काशीपुर, सितारगंज, पंतनगर और रुद्रपुर में नए औद्योगिक पार्क और टाउनशिप विकसित की जा रही हैं। किच्छा में 1000 एकड़ क्षेत्र में स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप पर तेजी से काम हो रहा है।

श्री धामी ने यह भी बताया कि देहरादून में 28 से 30 नवंबर तक आपदा प्रबंधन पर विश्व शिखर सम्मेलन आयोजित होगा, जिसमें जलवायु परिवर्तन और आपदा प्रबंधन पर वैश्विक विशेषज्ञ चर्चा करेंगे।

हेमकुंड साहिब कपाट

चमोली जिले में स्थित सिखों के पवित्र तीर्थस्थल हेमकुंड साहिब के कपाट आज दोपहर दो बजे शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे। इसके लिए हेमकुंड साहिब ट्रस्ट की ओर से इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कपाट बंद होने की प्रक्रिया सुबह 10 बजे सुखमणी साहिब के पाठ के बाद शुरू होगी। आज इस साल की अंतिम अरदास की जाएगी, जिसके बाद शीतकाल के लिए हेमकुंड साहिब के कपाट बंद कर दिए जाएंगे।

कपाट बंद होने के अवसर पर आज बड़ी संख्या में श्रद्धालु हेमकुंड साहिब पहुंच रहे हैं।

बैठक–मुख्य सचिव

मुख्य सचिव आनन्द बर्धन ने कहा है कि राज्य सरकार उद्योगों को बेहतर सुविधाएं और अनुकूल माहौल उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उद्योगों और उद्यमियों से संबंधित मामलों का तत्परता से निस्तारण किया जाए और राज्य व जिला स्तर पर उद्योग मित्र समितियों की बैठकें नियमित रूप से आयोजित हों।

कल सचिवालय में राज्य स्तरीय उद्योग मित्र समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य सचिव ने उद्यमियों और उद्योग संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा रखे गए मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने संबंधित विभागों को उद्योगों से जुड़े मामलों का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने बताया कि उद्यमियों की जीएसटी से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए सचिव वित्त शीघ्र बैठक करेंगे। राज्य में ईएसआईसी अस्पताल खोलने के मानकों में ढील देने का प्रस्ताव क्षेत्रीय परिषद को भेजा जाएगा। साथ ही देहरादून जिले में ईएसआईसी अस्पताल के लिए भूमि की व्यवस्था के निर्देश भी दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य में उद्योगों की स्थापना और संचालन के लिए बेहतर माहौल तैयार किया जा रहा है। औद्योगिक क्षेत्रों में आवश्यक सुविधाएं, पर्याप्त बिजली आपूर्ति और बेहतर लॉजिस्टिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।